MR. SPEAKER: Please cooperate and conclude now. You cannot read out a three-page statement.

SHRI ALEMAO CHURCHILL : Sir, I will conclude now by making the last point.

Dablim is the most logical choice for the civilian international airport and not any other site. If an international airport comes up at Mopa or any other site, then Maharashtra will be serviced too, but Dabolim must continue as an International Airport for Goa with better facilities.

MR. SPEAKER: Nothing will be recorded further.

(Interruptions) .*

MR. SPEAKER: Some discipline has to be there.

श्री संतोष गंगवार (बरेली) : अध्यक्ष महोदय, कॉमनवैल्थ खेल, जो हिन्दुस्तान में 2010 में होने वाले हैं उनकी तैयारी के लिए स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने देश के कुछ भागों में, आल्टरनेट शहरों में, खेल की सुविधाएं विकसित किए जाने का निर्णय लिया है और सरकार द्वारा इस मद में कुछ शहरों का चयन किया गया है। साई ने मेरे लोक सभा क्षेत्र के बरेली जनपद का भी केन्द्र के रूप में चयन किया है। मैं आपके माध्यम से खेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि साई द्वारा सेंटरों के लिए दी जा रही सुविधाएं बरेली में भी उपलब्ध कराई जाएं क्योंकि बरेली में चाहे एस्टोटर्फ हो या अन्य खेल हों, सभी प्रकार के खेलों के अच्छे मैदान उपलब्ध हैं।

MR. SPEAKER : We should all learn from him. He has been brief and to the point. तीन पन्ने का भाषण तो रिकॉर्ड पर नहीं जाएगा।

Dr. Ramkrishna Kusmaria. Let me see how long he takes.

डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया (खजुराहो) : मान्यवर अध्यक्ष जी, खजुराहो विश्व प्रसिद्ध पर्यटक स्थल है। वहां इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट जाती थी, जिसे बन्द कर दिया गया है। दूसरी तरफ, एक रेलगाड़ी, बुन्देलखंड एक्सप्रेस जाती थी, जिससे पर्यटक खजुराहो आते थे, लेकिन उसके 14 स्टॉपेज बन्द कर दिए

---

* Not Recorded.